CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:41 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 42 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 29 जुलाई 2024

जन्मदिन पर पत्नी मान्यता और...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्कूटी की डिग्गी में रखा मोबाइल व नगदी चुराई

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी में परीक्षा देने गए एक छात्र की स्कूटी कीर डिग्गी में रखा आईफोन और नगदी अज्ञात चोर चुरा ले लिया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस चोर को तलाश कर रही है। नीलकंठ कालोनी रामपुर हल्द्वानी निवासी गौरव बिष्ट पुत्र चंदन सिंह बिष्ट ने पुलिस को सूचना दी है कि 27 जुलाई को एमबीपीजी में बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा देने के लिए गया हुआ था। उसने अपने दोस्त प्रकाश जोशी का आईफोन और नगदी स्कूटी की डिग्गी में रख दिए। जब वह परीक्षा देकर वापस आया तो स्कूटी की डिग्गी का लॉक टूटा हुआ था और उसका रखा फोन और पैसे भी गायब थे। पीड़ित ने चोर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल



**हल्द्वानी।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्कूटी सवार के भाई ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रेलवे बाजार हल्द्वानी निवासी मनीष कुमार गोयल पुत्र सुरेश चंद्र गोयल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 25 जुलाई को उनका भाई संजेश गोयल रामपुर रोड स्थित धर्मकाटे की ओर जा रहे थे, तभी रूद्रपुर से हल्द्वानी की ओर से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उनका संजेश घायल हो गए और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। उनके भाई को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मनु को सचिन-गंभीर समेत खेल जगत के सितारों ने दी बधाई

**नई दिल्ली/पेरिस**

एजेंसी

मनु शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया।

पेरिस ओलंपिक के दूसरे दिन निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने शुरू से ही तीसरा स्थान बरकरार रखा और तीसरा स्थान ही हासिल किया। मनु शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। उनकी इस उपलब्धि पर खेल जगत के तमाम दिग्गजों ने बधाई दी।



### भारत का पदक का खाता खुलवाया

महिला निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों के दूसरे दिन रविवार को भारत का पदक का खाता खुलवाया। अब खेलों के तीसरे दिन सोमवार को रमिता जिंदल और अर्जुन बाबुता से भी पदक की आस रहेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सामना ग्रुप चरण के दूसरे मैच में अर्जेंटीना से होगा, जबकि बैडमिंटन और टेबल टेनिस खिलाड़ी भी अपने अभियान को गति देने उतरेंगे। महिला तीरंदाजी टीम का सफर क्वार्टर फाइनल में भले ही समाप्त हो गया, लेकिन पुरुष तीरंदाजी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करने उतरेगी।

दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की

# दिल्ली कोचिंग हादसे का मुद्दा संसद में गूंजा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

संसद के मानसून सत्र का आज नौंवां दिन है। संसद में आज दिल्ली कोचिंग हादसे का मुद्दा उठा। संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की गई। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केंद्रीय बजट 2024 पर बोल सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में कहा कि मंत्रियों को उन सदस्यों की बात का संज्ञान बिल्कुल नहीं लेना चाहिए जो अपने स्थान पर बैठे-बैठे बोलते हैं। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की, जब श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया अपने मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। बिरला ने कहा, मंत्री जी, जो सदस्य बैठे-बैठे बोलते हैं, उनका नोटिस भी मत लीजिए। आप अध्यक्ष की तरफ देखकर बोलें।

राज्यसभा में दिल्ली कोचिंग हादसे पर चर्चा की मांग की गई है। उपराष्ट्रपति



और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, मुझे नियम 267 के तहत नोटिस मिले हैं...उन्होंने अधिकारियों की लापरवाही के कारण दिल्ली में यूपीएससी उम्मीदवारों की दुखद मौत पर चर्चा की मांग की है। मुझे लगता है कि देश के युवा जनसांख्यिकीय लाभांश को पोषित किया जाना चाहिए। आज कोचिंग व्यापार बन गई है। जब भी हम कोई समाचार पत्र पढ़ते हैं, तो पहले एक या दो पृष्ठ उनके विज्ञापनों के ही होते हैं। राज्यसभा ने सोमवार को उच्च सदन के पूर्व सदस्य प्रभात झा के निधन पर शोक जताया और सदस्यों ने उनके सम्मान में कुछ देर का मौन रखा। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रभात झा के निधन का उल्लेख करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की और कहा कि उनके लेखों में आम आदमी की चिंता झलकती थी। उन्होंने कहा, उनके निधन से देश ने एक शानदार लेखक, पत्रकार और योग्य सांसद खो दिया। इसके बाद सदस्यों ने कुछ देर मौन रहकर झा को श्रद्धांजलि दी।

# सीबीआई ने केजरीवाल व अन्य आरोपियों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली**

एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट दिल्ली में आरोपपत्र दायर किया है।

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 जुलाई को मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दी थी। इस मामले में आठ अगस्त को सुनवाई होनी है। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई थी। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था।

सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुईं थीं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के. कविता



की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी थी।

इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।

केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे।

# भूटान में रजत पदक जीतने वाले कराटे खिलाड़ी चेतन को किया सम्मानित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन की ओर से आरटीओ रोड स्थित उदयलालपुर में राठौर स्पोर्ट्स एकेडमी में कराटे सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को काता कुमिते की एडवांस जानकारियां दी गई। सैनसाई वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर बैल्ट जीती। मुख्य अतिथि युवा कल्याण अधिकारी वीएन कांडपाल व जिला कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह किरौला ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये। सेमिनार में 100 से अधिका बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर भूटान में आयोजित आठवीं साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले हल्द्वानी के चेतन भट्ट को भी सम्मानित किया गया। इस मौके नीरजा बोरा, हरीश चंद्र भट्ट, उमेश बधानी, सुमित मेहरा, गोपाल सिंह किरौला आदि मौजूद थे।




# गंगोत्री हाईवे के पास भूस्खलन, मलबा आने से तीन जगह बंद

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

गंगोत्री हाईवे भूस्खलन के कारण तीन जगह बंद है। राज्य में 121 मार्ग बंद है, इसमें बार्डर रोड, राज्य मार्ग से लेकर ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। सबसे अधिक मार्ग चमोली जिले में बंद हैं।

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान बिशनपुर, नेताला, हेल्कुगाड़ व सुनगर के पास भू-स्खलन व मलबा आने के कारण अवरुद्ध हुआ है। बीआरओ की मशीनरी द्वारा मार्ग को सुचारु करने का कार्य जारी है। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सोमवार यानी आज तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों की बात करें तो जुलाई के अंत तक



प्रदेशभर के अधिकतर हिस्सों में तेज बारिश के आसार हैं। राजधानी दून समेत पर्वतीय इलाकों में सप्ताह भर बाद चटक धूप खिली तो उमसभरी गर्मी ने परेशान किया। दून में तो आलम यह रहा कि अधिकतम तापमान पांच डिग्री बढ़कर 35 डिग्री पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार बीते 10 वर्षों में यह पहली बार है जब 28 जुलाई को यहां का तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया हो। पिथौरागढ़ जिले में दो बार्डर रोड और 24 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। देहरादून जिले में दो राज्य मार्ग और 23 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी में एक राज्य मार्ग और पांच ग्रामीण मार्ग बंद हैं। ऊधमसिंह नगर में एक राज्य मार्ग और एक ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हैं। नैनीताल में चार, बागेश्वर में छह, चंपावत में दो, पौड़ी गढ़वाल में तीन, टिहरी में 12 और रुद्रप्रयाग जिले में सात ग्रामीण मोटर मार्ग प्रभावित हैं।

# नेता प्रतिपक्ष आर्य ने किया बुढ़ाकेदार दौरा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को घनसाली के बुढाकेदार क्षेत्र के ग्राम भिगुन तिनगढ़, तोली और बुढाकेदार का सघन दौरा किया। नेता विपक्ष ने राहत शिविर इंटर कॉलेज विनियखाल मे सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। राहत शिविर में आपदा से पीड़ित नागी देवी, कीड़ी देवी, पुन्हा देवी,शिवा जो कि निराश्रित परिवार है, इन्होंने नेता विपक्ष को आपबीती बताई ।





नेता प्रतिपक्ष ने वहां कि व्यवस्थाओ का जायजा लिया जिसके बाद क्षतिग्रस्त घरों और पूरे इलाके का दौरा किया, ग्राम तोली मे अंकिता की मलवे मे दब कर दुखद मृत्यु हों गई थी वहा जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

आर्य ने कहा कि तोली ग्राम के ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि तिनगढ़ के ऊपर की बासर नहर भी क्षति का एक का कारण हो सकता है। सरकार को इस पर समय रहते ध्यान देना चाहिए था और उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल आपदा के मानकों मे परिवर्तन करना होगा और तिनगढ़, तोली के पूर्ण विस्थापन के लिय काम करना होगा, सरकार आपदा प्रबंधन मे गम्भीर नही है। आर्य ने कहा कि प्रशासन को अभी तत्कालिक रूप से आपदा ग्रस्त घरों से उनके जरूरी सामानों को विस्थापित करने मे मदद करनी चाहिए। पहाड़ों मे घर 1.30लाख मे नही बनता है और 10 हजार मे एक एकड़ कृषि भूमि की क्षतिपूर्ति भी पर्याप्त नहीं है, सरकार मृतको के परिवार को शीघ्र विशेष सहायता प्रदान करे।

उनके घरों, पशुओं, कृषि भूमि जो क्षतिग्रस्त हुए है, उनको आपदा मे संशोधित राशि प्रदान करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा यह क्षेत्र आपदा से अति संवेदन शील है और सरकार को इस क्षेत्र के लिए दीर्घ कालिक प्लान तैयार करना चाहिए।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष राकेश राणा, पूर्व प्रमुख भिलंगना विजय गुनसोला, पूर्व जिलाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट , पूर्व प्रमुख धनी लाल शाह, डॉ. राकेश लाल षाह, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद जोशी, ब्लॉक बाल गंगा अध्यक्ष जसवीर सिंह नेगी, गबर सिंह नेगी, दिनेश लाल, मुरारी लाल खंडवाल खुशी लाल ,राकेश थलवाल, श्याम लाल साह, बाल कृष्ण नौटियाल, हिम्मत रौतेला, कैलाशी देवी, हुकम सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, बच्चन सिंह रावत, सतीश जोशी, बावन सिंह बिष्ट, संतोष रतूड़ी, बसंत लाल, हुकम सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकारी काम में बाधा डालने की आरोपी महिला दोषमुक्त

**नैनीताल ।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रवि प्रकाश की अदालत ने मल्लीताल नैनीताल के पन्त पार्क में नियमविरुद्ध लगे फड़ हटाने गई नगर पालिका की टीम के साथ मारपीट करने, गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देकर सरकारी काम में बाधा डालने की आरोपी महिला फड़ व्यवसायी सायरा खानम उर्फ बबली को दोषमुक्त करार दिया है । अभियुक्त की पैरवी अधिवक्ता पंकज कुमार द्वारा की गई।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 जून 2018 की अपरान्ह में पालिका कर्मचारी धर्मेश प्रसाद अपनी टीम के साथ नियमविरुद्ध फड़ हटाने पन्त पार्क गए थे। जहां सायरा खानम उर्फ बबली पत्नी फारुख निवासी हरिनगर तल्लीताल ने धर्मेश प्रसाद के साथ मारपीट की । इस मामले की प्राथमिकी मल्लीताल कोतवाली में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने दर्ज कराई थी । इस मामले में आरोपी महिला ने स्वयं को निर्दोष बताया और बेवजह फँसाये जाने का तर्क दिया । दोनों पक्षों के तर्कों के बाद कोर्ट ने सायरा खानम को निर्दोष करार दिया है ।



## सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत नैनीताल की एक आम सभा आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत नैनीताल की एक आम सभा का आयोजन रविवार को वन विश्राम भवन भवाली में प्रांतीय कार्यकारिणी के साथ किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश महामंत्री बृजमोहन रावत द्वारा की गई तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे मुख्य अतिथि रहे जबकि संचालन प्रदेश मंडल संगठन मंत्री अशोक नेगी द्वारा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने अल्मोड़ा बिनसर में वनाग्नि में शहीद हुए व्यक्तियों का स्मरण करने हेतु वन शहीद स्मारक बनाया जाने का मुद्दा प्राथमिकता से उठाया। इसके साथ ही वन कर्मचारियों द्वारा यह बात पर बल दिया गया कि विभागीय कार्यों को खुले टेंडर से किए जाएं साथ ही फ ायर सीजन में आने वाले वर्षों के लिए फील्ड स्टाफ को अत्याधुनिक सुविधाएं दी जाएं। बैठक में दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी समेत महामंत्री रंजीत सिंह थापा,कोषाध्यक्ष गिरधर सिंह नेगी, नैनीताल वन प्रभाग मंत्री राजेंद्र करायत,महिला उपाध्यक्ष मनीषा भंडारी, व बिमला राठौर, भूमि संरक्षण वन विभाग रामनगर के अध्यक्ष मुकेश कुमार, महामंत्री अजय रावत समेत सतीश बोरा,कृपाल सिंह राणा,हरिश्चंद्र आर्य, तनुजा शाह, मोनिका कोरंगा,मिनशुल गोसाईं, संजय भट्ट तथा संतोष जोशी आदि मौजूद थे।

## बाल कलाकारों ने दिया नाटक का मंचन कर सामाजिक हित का संदेश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में युगमंच एवं शारदा संघ के तत्वावधान में रविवार को नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सभागार में बाल कलाकारों ने नाटक जैसी करनी वैसी भरनी का भावपूर्ण मंचन कर भले कार्य करने एवं सामाजिक हित के कार्य करने का संदेश दिया।

बता दें कि युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम के नेतृत्व में वरिष्ठ रंगकर्मी जितेंद्र बिष्ट, कार्यशाला निर्देशक भाष्कर सिंह बिष्ट तथा संगीत निर्देशक नवीन बेगाना द्वारा बच्चों की बेहतर प्रस्तुति तैयार की गई। बाल कलाकारों को एक माह के सघन प्रशिक्षण में अभिनय की बारीकियां एवं व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी डी. के. शर्मा, भाष्कर सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, अनिल कुमार,डा. हिमांशु पांडे तथा कौशल साह आदि द्वारा योगदान दिया गया, जबकि बाल कहानीकार इंदु कुमारी की बाल कहानी का नाट्य रूपांतरण एवं गीत हेमंत बिष्ट द्वारा तैयार किए गए। एक माह तक चली कार्यशाला के सफ ल आयोजन में शारदा संघ के घनश्याम लाल साह, चंद्र लाल साह, प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, सीआरएसटी कालेज के प्रधानाचार्य मनोज पांडे सहित युगमंच के वरिष्ठ सदस्य राजा साह, दीपक सहदेव, रफ त आलम, इंतखाब व सुनील कुमार, पंकज रावत, काव्यांश कुमार, अदिति खुराना, कनिका रावत सहित हेमंत साह, पंकज रंधावा, योगिता तिवारी, रोहन पंवार व हेमंत मेहरा आदि ने योगदान दिया जबकि संगीत पक्ष में नवीन बेगाना के नेतृत्व में संजय कुमार, अमन महाजन, पूजा, मोनिका, रिचा सनवाल व हर्षित गोसाईं का योगदान सराहनीय रहा।

बाल नाट्य मंचन के दौरान क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट, वरिष्ठ समाजसेवी आलोक साह एवं गीता साह, वरिष्ठ रंगकर्मी जसी राम आर्या, राजेश आर्या, मिथिलेश पांडे, एच एस राणा, डॉ. मोहित सनवाल, नीरज डालाकोटी, डॉ अनिल कार्की, महेश जोशी, दिनेश उपाध्याय, डी एस मेहता, दीपा,अंशु कुँवर, मुन्नी बानो, दीपा पांडे, रेनु कुँवर तथा ज्योति भट्ट सहित विभिन्न कलाप्रेमी उपस्थित रहे। संचालन हेमंत बिष्ट एवं प्रदीप पांडे द्वारा किया गया।

## NEWS / फटाफट

### एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के स्थापना दिवस पर सुंदरकांड का पाठ



हल्द्वानी। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के आठवें स्थापना दिवस पर राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ श्रीराम मंदिर के पंडित विवेक शर्मा व उनकी टीम ने किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व संरक्षक हरीश चंद्र पांडे के नेतृत्व में प्रसाद वितरित किया गया। इस बीच संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि जिस दिन से एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की स्थापना हुई है उस दिन से ही संस्था धर्महित, समाजहित व देशहित में कार्य कर रही है। इस मौके पर रुपेन्द्र नागर, लोकेश कुमार साहू, चिरौंजी लाल, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, धर्मा कुमारी बिष्ट, मुकेश सरकार, विपिन चंद्र पांडे, आरपी सिंह, विनीत अग्रवाल, खेमराज साहू, मनीष साहू, योगिता बनोला, अलका टंडन, कमलेश आर्या, रोहताश प्रजापति, अमित आर्या, सूरज कुम्हार, रोहित देव, रितिक साहू, रिंकी गुप्ता, पूजा जोशी, पुलकित कुमार, अंशिका साहू, अमित गोस्वामी, सुशील राय, अमन कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला पति को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप में पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। बाद में पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। थाने के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि शिमला बहादुर निवासी रामभरोसे ने 18 जुलाई को तहरीर पुलिस को दी। तहरीर में कहा था कि उसके दामाद हरपाल ने 13 जुलाई को उसकी पुत्री ओमवती को जान से मारने के लिए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। जिससे उसकी पुत्री ओमवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका बरेली के अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति ग्राम खंदेली शाहबाद निवासी हरपाल सिंह पुत्र छोटे लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि रविवार को आरोपी पति को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### हल्द्वानी के वरिष्ठ व्यापारी नवीन वर्मा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष बने



**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता की ओर से मनोनयन पत्र जारी किया गया है। वर्तमान में राष्ट्रीय व्यापारी संगठन में 23 प्रदेशों का प्रतिनिधित्व है, इनमें तमिलनाडु, बंगाल, केरल के संगठन बहुत मजबूती से पकड़ बनाए हैं। उनके मनोनयन पर व्यापार मंडल के महामंत्री प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंत, संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, शान्ती जीना, दिगंबर वर्मा, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, पवन जोशी, पवन वर्मा, गोविंद भाकुनी, भुवन जोशी आदि ने हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का शिष्टमंडल से मिला

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की ओर से अपने एक वर्ष के कार्यकाल में पढ़ाई के साथ ही शोध कार्यों को बढ़ावा देने समेत कई अहम उपलब्धियां विवि के हित में हासिल करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का शिष्टमंडल उनसे मिला। इस दौरान शिष्टमंडल ने प्रो.रावत के एक वर्ष के कार्यकाल को बेहद सफल करार देते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

## पार्किंग बने तो बहुमंजिला ही बनाया जाये: टंडन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने रविवार को विधायक सरिता आर्य से नैनीताल के मल्लीताल स्थित मेट्रोपोल पार्किंग को केवल सरफेस पार्किंग (ग्राउंड लेवल) 400-500 वाहनों के लिए बनाये जाने के बजाए यहां पर पार्किंग एक बार अगर बने तो बहुमंजिला ही बनाया जाये।



टंडन ने कहा कि अभी सरफेस और बाद में संपत्ति के प्रदेश को हैंडओवर के बाद बहुमंजिला बनाना एक प्रकार से टैक्सपेयर के पैसे का दो बार खर्च होना भी सही इस्तेमाल नहीं होगा। पैसा एक बार खर्च हो तो नैनीताल की पार्किंग समस्या का संपूर्ण निदान होना चाहिए जोकि बहुमंजिला पार्किंग से ही संभव है। कहा कि अब चूकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा केंद्र में नैनीताल की पार्किंग की समस्या के संबंध में बात उठाई गई है तथा जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा भी काफी प्रयास इस संबंध में किया गया है जिसके बाद केंद्र से शत्रु संपत्ति संरक्षण की कमेटी के सदस्यों के साथ डीएम निरीक्षण भी हुआ है, इसलिए अगर इतनी मेहनत हुई है और सबका प्रयास रहा है तो एक बार इस मेट्रोपल संपत्ति को प्रदेश को दिये जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर बहुमंजिला पार्किंग ही बनाये जाने का काम एक बार हो जिससे आने वाले वर्षों के लिए इस समस्या से छुटकारा मिल सके और नैनीताल निवासी तथा पर्यटक और पर्यटन व्यवसायियों और प्रशासन साथ ही पुलिस सभी को सहूलियत मिले। कहा कि अगर हम सभी का ध्यान इस समस्या से एक बार हटेगा तभी हम पर्यटन सीजन में बाकी बातों की ध्यानपूर्वक जिक्र कर पायेंगे। टंडन के मुताबिक विधायिका सरिता आर्य द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वह इस संबंध में डीएम वंदना सिंह के साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी वार्ता करेंगी। उन्होंने अध्यक्ष व्यापार मंडल से इस संबंध में एक लिखित ज्ञापन भी उनको तुरंत देने को कहा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## कानून से असंभव

*आरएसएस के अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता सनातन युवतियों के अपहरण की सूचना मिलने पर प्रदर्शन करते हैं। प्रशासन और पुलिस पर दबाव बनाते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में हेयर कटिंग की दुकान पर काम करने वाला युवक दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। विरोध में प्रदर्शन करने वालों ने समुदाय विशेष के लोगों की दुकानें बंद करा दीं। कुछ दिन बाद प्रशासन ने दुकानें खुलवा दीं। इस मामले में सबसे बड़ा दोष तो उन लोगों का है, जो समुदाय विशेष को दुकान किराये पर देते हैं। सनातन धर्मावलंबियों को अपने परिवार व समाज की विवाहिताओं व अविवाहित युवतियों, किशोरियों को समुदाय विशेष के लव जिहाद षडयंत्र से सतर्क रहने की सलाह देनी चाहिए।*

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर ने कहा कि पूरे देश में धर्मांतरण पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। धर्मांतरण पर कानूनी तौर पर पाबंदियां हैं और कानून का पालन किया जाना चाहिए। यह बात सही है कि जबरदस्ती तथा लालच देकर किसी का धर्मांतरण नहीं किया जाना चाहिए और इसके लिए कानून में प्रावधान है, लेकिन कानून बना देने से धर्मांतरण नहीं रुक रहा है। दरअसल समुदाय विशेष लम्बे अर्से से लव जिहाद की मुहिम के तहत धर्मांतरण और मानव तस्करी में लिप्त है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय विशेष के लोगों को फंडिंग की जा रही है। सनातन धर्मावलंबियों में स्वच्छंता एवं आधुनिकता की अंधी दौड़ में सामाजिक विकृतियां आ गई हैं। इन विकृतियों का फायदा उठाते हुए समुदाय विशेष के लोग सनातन धर्म की युवतियों का धर्मांतरण और मानव तस्करी कर रहे हैं। सनातन धर्म के सामाजिक संगठनों को अपने समाज में आई विकृतियों को दूर करना होगा। धर्मांतरण के लिए समुदाय विशेष पर एकतरफा दोषारोपण उचित नहीं है। आरएसएस के अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता सनातन युवतियों के अपहरण की सूचना मिलने पर प्रदर्शन करते हैं। प्रशासन और पुलिस पर दबाव बनाते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में हेयर कटिंग की दुकान पर काम करने वाला युवक दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। विरोध में प्रदर्शन करने वालों ने समुदाय विशेष के लोगों की दुकानें बंद करा दीं। कुछ दिन बाद प्रशासन ने दुकानें खुलवा दीं। इस मामले में सबसे बड़ा दोष तो उन लोगों का है, जो समुदाय विशेष को दुकान किराये पर देते हैं। सनातन धर्मावलंबियों को अपने परिवार व समाज की विवाहिताओं व अविवाहित युवतियों, किशोरियों को समुदाय विशेष के लव जिहाद षडयंत्र से सतर्क रहने की सलाह देनी चाहिए। सामाजिक संगठनों को अपने आयोजनों में एक कार्यक्रम समुदाय विशेष के लोगों की कुत्सित भावनाओं की जानकारी देने का निर्धारित किया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में छात्राओं को लव जिहाद की पुरानी घटनाओं से अवगत कराते हुए समुदाय विशेष के आपराधिक तत्वों से सावधान रहने के लिए कहना चाहिए। अभिभावकों को आधुनिकता की अंधी दौड़ से बचने और प्राचीन सभ्यता, संस्कृति को अपनाने की सीख देनी चाहिए। अभिभावकों को परिवार के सभी सदस्यों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। बहला-फुसलाकर अपहरण, समुदाय विशेष के लोगों द्वारा हाथ में कलावा बांधकर, नाम बदलकर, शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध के मामलों में सनातनी युवतियां कम दोषी नहीं हैं। यह बहानेबाजी है। उच्च शिक्षित युवतियों को भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

# कार्यक्रम: पंतनगर में सुनीं मन की बात

**रुद्रपुर/पंतनगर**

**हमारे संवाददाता**

सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर बूथ संख्या-32 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 112 वें संस्करण को प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विधायक शिव अरोरा समेत कार्यकर्ताओं के साथ सुना।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम और उनके जज्बे व प्रतिभा का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है। 4 स्वर्ण और 1 रजत पदक हासिल करते हुए शीर्ष पांच में पहुंचकर समूचे विश्व में भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम का हार्दिक अभिनंदन। भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया है। टीम के सदस्य कनव तलवार, ग्रेटर नोएडा, आदित्य वेंकट गणेश, पुणे, सिद्धार्थ चोपरा,पुणे,अर्जुन गुप्ता, दिल्ली, रुशील माथुर, मुंबई और आनंदो भादुरी, गुवाहाटी के नेतृत्व में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि असंख्य युवाओं के लिए अथाह प्रेरणा प्रदान करने वाली है। प्रधानमन्त्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली एक अभिनव पहल का आह्वान किया है। यह पहल लघु उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देकर लाखों-करोड़ों भारतीयों के जीवन में समृद्धि लाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़े हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देश वासियों के अपार उत्साह की चर्चा की है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, मंडल महामंत्री शशिकांत मिश्रा ने प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने एक पेड़ मां के नाम फलदार वृक्ष शिशु मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ रोपित किया। जिला प्रभारी पुष्कर कला, प्रदीप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री मुकेश कुमार, सचिन शुक्ला, शीशपाल राणा, प्रेमलता,अशोक गुप्ता, संदीप वर्मा,दिग्विजय सिंह खाती, जितेंद्र संधू, सचिन शर्मा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आयोजन**

- राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी गौतम समेत कई नेता हुए शामिल

## मां शारदा रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति और शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी चार अगस्त (रविवार) को मां शारदा रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवारी के मुताबिक प्रतियोगिता स्व.मन वाजपेयी की स्मृति में होगी।

प्रतियोगिता अंडर 17 आयु वर्ग के अंदर होगी। प्रतियोगिता में अधिकतम 60 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी एक अगस्त (गुरुवार) तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतियोगिता अंडर 9, 11,13,15 तथा 17 और गर्ल्स में पांच-पांच ट्राफी रखी गयी है। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर नीरज साह तथा आर्बिटर दिव्यांशु तिवारी जबकि डायरेक्टर घनश्याम लाल साह व प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट हैं।

## आर्ट ऑफ लिविंग की हैप्पीनेस वूमेंस कलेक्टिव समूह ने किया भव्य रुद्र पूजा का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आर्ट ऑफ लिविंग की हैप्पीनेस वूमेंस कलेक्टिव समूह द्वारा श्रावण मास के पवित्र महीने में हर वर्ष की भांति रविवार को भी एक भव्य रुद्र पूजा का आयोजन शहर के मां नयना देवी मंदिर के समीप स्थित गोवर्धन कीर्तन हॉल में किया गया।



पूजन को करवाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से स्वामी मुक्तानंद ब्रह्मचारी पंडितज, विद्यारत्न तथा पंडित अर्जुन उपस्थित रहे।पूजन के साथ ही सत्संग का भी आयोजन किया गया जिसमें सुमित मर्तोलिया द्वारा कई सुंदर प्रस्तुतियां दी गई,सभी उपस्थित लोगों ने सत्संग का आनंद लिया।

पूजा के सफल आयोजन के लिए संस्था की सभी सदस्याओं क्रमशः रेशमा टंडन, सुनीता वर्मा, प्रेमलता, संगीता शाह, सिम्मी अरोरा,कविता गंगोला, मंजू नेगी ,सोनी अरोरा, पूजा शाही,ज्योति मेहरा, मंजू बिष्ट,पूजा मल्होत्रा, नेहा डालाकोटी, किरण टंडन,बीना शर्मा, कविता जोशी, शिखा शाह, वंदना सिंह, कविता सनवाल,रीना सामंत,उमा कांडपाल, निम्मी कीर, रमा तिवारी, श्वेता अरोरा,कामना कंबोज,मधु बिष्ट, मंजू सनवाल, बिमला कफल्टिया, संध्या तिवारी तथा सोमा शाह का विशेष योगदान रहा। पूजा के सफल आयोजन में पवन टंडन, दलवीर सिंह,सुधीर वर्मा, मनजीत, दीपक गुप्ता तथा रितिक टंडन का विषेश योगदान रहा, पूजन में शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवी संस्थाओं प्रमुखों को आमंत्रित किया गया ,सभी ने इस पवित्र पूजा का लाभ उठाकर सत्संग का आनंद लिया साथ ही प्रसाद ग्रहण किया।

# फिल्मी दुनिया

## जन्मदिन पर पत्नी मान्यता और बेटी त्रिशाला ने लुटाया संजय दत्त पर प्यार



*बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता संजय दत्त आज अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्म दी है। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हर कोई उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी बीच उनकी पत्नी मान्यता दत्त और बेटी त्रिशाला दत्त ने भी खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता को विश करते हुए एक वीडियो पोस्ट साझा किया है। वीडियो में दोनों की कई खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। मान्यता ने वीडियो साझा कर संजय के लिए एक खूबसूरत नोट भी लिखा है। उन्होंने लिखा, मुबारक हो मेरे जीवन साथी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मान्यता दत्त अभिनेता टैग करते हुए आगे लिखा, मेरे सबसे मजबूत और जीवन समर्थन प्रणाली से भरपूर। आपकी आंतरिक रोशनी सभी मुश्किलों पर हावी हो जाती है। किसी भी कठिनाइयों और चुनौतियों पर काबू पा लेती है। आपमें निस्वार्थ और बिना शर्त प्यार करने की क्षमता है। इसे ऐसे ही बनाए रखें। आप न केवल मेरे लिए बल्कि कई अन्य लोगों के लिए भी अनमोल और खास हैं, जो आपको पूरे दिल से प्यार करते हैं और आपका सम्मान करते हैं। हमेशा चमकते रहो। बहुत सारा प्यार।*

### सुपरहिट फिल्म साजन की स्क्रीनिंग

*अभिनेता की बेटी त्रिशाला दत्त ने भी अपनी इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अभिनेता को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जिसमें संजय दत्त डीजे बने हुए गए दिख रहे हैं। त्रिशाला ने कैप्शन में लिखा, आई लव यू पॉप्स हैप्पी बर्थडे। वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त के पास इन दिनों कई फिल्में हैं। इनमें घुडचढ़ी, डबल ईस्मार्ट, वेलकम टू द जंगल आदि शामिल हैं। दर्शकों को उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, आज उनके जन्मदिन को खास बनाने के लिए पीवीआर आईनॉक्स ने उनकी फिल्म सुपरहिट फिल्म साजन की स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है।*

## अपनी एक सूत्री मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ के कर्मचारी अढ़े

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर रविवार को 27वें दिन भी देहरादून स्थित एकता बिहार में धरना जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार को भी नित्य की भांति निगम कर्मचारियों ने आंदोलन से पूर्व एकता विहार परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि रविवार को संपूर्ण उत्तराखंड में कुमाऊँ मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के आवास गृह/ गैस एजेंसी व अन्य इकाइयों के परिसर में निगम कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सैकड़ों पौधों का रोपण किया व वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया, साथ ही विभिन्न माध्यमों से नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। गुरु रानी ने कहा संगठन जहां नियमितीकरण की मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से धरना कार्यक्रम कर रहा है वही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सरकार को सहयोग कर रहा है। धरना कार्यक्रम में कार्यकारी महासंघ के अध्यक्ष संजय भट्ट, महामंत्री कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, बलवंत सिंह, नरेंद्र रावत, जगबीर लाल, राकेश रावत, पदम सिंह, वेद प्रकाश, अरविंद सिंह नेगी, महेश कुमार दास, हरीश कांडपाल तथा नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



## News कॉर्नर

### कमीशनखोरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**रुद्रपुर।** एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से लाभार्थीयो को सहायतार्थ आवंटित धनराशि के चेक को उपलब्ध कराए जाने के एवज में कमीशन मांगने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि इस तरह के मामले सामने आए तो वैधानिक कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करें। एसएसपी ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को वायरल हो रही ऑडियो के मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि वायरल आडियो में कथित रुप से जावेद नाम का एक व्यक्ति, भगवान दास नाम के व्यक्ति को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से लाभार्थी को सहायतार्थ आवंटित हुए 5 हजार रुपये के चेक के भुगतान के एवज में कमीशन के रुप में 3 हजार रुपये की मांग कर रहा है। बाद में 20,000/- रुपये का अन्य चेक दिलाने की भी बात कर रहा है। एसएसपी ने बताया कि राजस्व विभाग के उप निरीक्षक की तहरीर पर थाना ट्रांजिट कैंप ने जावेद नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक व्यक्ति ने युवक पर लगाया हमले का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में एक व्यक्ति की ओर से युवक के सिर में वारकर घायल करने का मामला सामने आया है। घायल युवक के भाई ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।तहरीर देते हुए हल्द्वानी निवासी मनीष वर्मा ने कहा है कि 21 जुलाई को उसका भाई सूरज वर्मा अपने मित्र आनंद पांडे व ताजिम मियां अंसारी के साथ ज्योलीकोट से हल्द्वानी आ रहे थे । इस दौरान नैनीताल की तरफ से आ रही कार ने गलत दिशा से आकर हल्द्वानी से नैनीताल को जा रहे वाहन को साईड से आकर टक्कर मार दी।

# मेनु शिविर के सातवें दिन कैडेट्स ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की यात्रा की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में चल रहे एनसीसी कैडेटों के मोस्ट एंटर प्राइसिंग नेवल यूनिट (मेनु) शिविर के सातवें दिन यानी रविवार को कैडेट्स द्वारा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की यात्रा की गयी, जहां कैडेट्स को ग्रुप टास्क बाधा प्रशिक्षण में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ जो सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) साक्षात्कार प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण घटक है। कमांडिंग आफि सर कैप्टन चंद्र विजय नेगी ने बताया कि इस प्रशिक्षण ने न केवल कैडेट्स के शारिरिक क्षमता को निखारने का मौका दिया बल्कि एसएसबी साक्षात्कार के दौरान भविष्य के लिये तैयार भी किया। ग्रुप टास्क अभ्यास एसएसबी साक्षात्कार प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है जोकि सशस्त्र बलों में सैन्य अधिकारी बनने के लिए अनिवार्य है। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में किया गया प्रशिक्षण निन्संदेह कैडेटों को उनके एसएसबी साक्षात्कार के दौरान रणनीतिक लाभ प्रदान करेगा। एक एकजुट इकाई के रूप में बाधाओं से निपटने का प्रत्यक्ष अनुभव उन्हें उन स्थितियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करेगा जहां नेतृत्व, सहयोग और तर्कसंगत निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।



सैनिक स्कूल घोड़ाखाल मेन्यू कैंप कैडेटों का दौरा समग्र विकास और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साहसिक और रणनीतिक प्रशिक्षण का मिश्रण उन्हें एसएसबी में सहायता प्रदान करेगा। दूसरी ओर एनसीसी कैडेट्स ने चल रहे शिविर में सातवें दिन 200 किमी की सराहनीय दूरी तय कर ली है। सातवें दिन भी 25 बालिका कैडेटों सहित 60 कैडेटों ने भागीदारी की। इस अवसर भारतीय नौसेना के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव, कौशिश मौर्य, मुकेश आर्य, राजेश गुर्जर, कर्मबीर, रवींद्र गिरी तथा मंजीत उपास्थित थे।

इसके अतिरिक्त तोप बहादुर, गोपाल सिंह बिष्ट, सोविन दीपक, शेरसिंह, विजय नयाल, संजय, रोहित, कमलेश जोशी, कमलेश, रतन राणा, उमेश तथा हिमांशु द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। इस अवसर पर सीनियर कैडेट कैप्टेन शुभम् सिंह, कैडेट कैप्टेन प्रियांशी तथा कैडेट कैप्टेन तन्य, कैडेट कैप्टेन आशीष, लवली, अर्चना तथा साक्षी सहित अन्य कैडेट्स उपस्थित रहे।

# मटर गली में स्ट्रीट लाइट न होने से अपराधों को मिल सकता है बढ़ावा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने स्ट्रीट लाइटें लगाने जैसी मांगों को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों का शिष्टमंडल सोमवार को नगर निगम पहुंचा और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से मिला। व्यापारियों का कहना था कि मटर गली में स्ट्रीट लाइटें न होने से ग्राहकों के साथ ही व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विशेषकर रात्रि के समय महिलाओं से छेड़खानी व लूटपाट जैसी घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मटर गली के आसपास मंदिर, गुरुद्वारा होने के कारण यहां धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इसके चलते भी देर रात तक मटर गली से लोगों की आवाजाही होती है। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम ने मटर गली में नाली बनाई थी, इस नाली



पर लोहे का जाल लगाया गया था लेकिन वह चोरी हो गया है। अब यह नाली हादसे का कारण बन रही है। तमाम लोग इसकी वजह से चोटिल हो चुके हैं। बरसात में जलभराव होने के कारण नाली का पता ही नहीं चल पाता। उन्होंने गर्मी के मौसम में प्याऊ लगाने, मटर गली में यूनिपोल लगाने जैसी मांगें भी उठाई। इस पर नगर आयुक्त ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री अतुल गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, परविंदर सिंह नागपाल, लक्ष्मी नारायण, त्रिलोक चंद्र गुप्ता, प्रेम चौधरी, वकार अहमद, नासिर हुसैन सिद्दीकी, जुहैब अनवर, मयंक वार्ष्णेय, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, सूरज नगदली, कृष्णा अग्रवाल, सोनू पासी, अजय गुप्ता, आन सिंह पडियार, सरफराज हुसैन सिद्दीकी, कमल कुमार आदि शामिल थे।

# जमानत पर बाहर आए युवक ने साथियों के साथ घर में घुसकर युवती पर किया हमला

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**आरोप**
- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा,केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर युवक के खिलाफ घर में घुसकर पुत्री पर चाकू से हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया।

हरिओम पुत्र देवीदयाल निवासी वनखण्डी फेस 1 जनपथ रोड थाना ट्रांजिट कैम्प ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पुत्री घर से लापता हो गयी थी। पुलिस में पुत्री की गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी ।

बताया कि पुलिस ने पुत्री को बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुए विक्की पुत्र गौतम मंडल निवासी पिपलिया कालोनी थाना गजरौला जिला पीलीभीत यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया कि जमानत पर बाहर आने के बाद विक्की ने परिवार पर केस वापस लेने के लिये कई बार दबाव बनाया था। उसने मना कर दिया । आरोप है कि 27 जुलाई 24 को लगभग साढ़े नौ बजे विक्की अपने दो साथियो के साथ घर में घुस आया और पुत्री को जान से मारने के इरादे से चाकू से कई वार किया।

इससे पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। पुत्री को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। आरोप है कि विक्की साथियों के साथ घटना करने के बाद मौके से फरार हो गया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

# बिल्डर और उसके साथियों पर घर में घुसकर मां-बेटे के साथ मारपीट और अश्लील हरकतें करने का भी आरोप

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**शिकायत**
- रेरा से कालोनी पास होने की जानकारी पर प्लाट खरीदा था महिला ने

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक बिल्डर की वादा खिलाफी करना कालोनी एक परिवार को मंहगा पड़ गया। बिल्डर शिकायत पर एक घर पर धावा बोलकर मां बेटे की धुनाई कर दी। आरोप है कि अपने साथियों के साथ पहुंचे बिल्डर ने शिकायत करने वालों को जान से मारने की धमकी भी है।

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के फुलसुंगी में स्थित गीतांजलि बिहार निवासी नीसा बाला के मुताबिक उन्होंने पांच वर्ष पहले कालोनी में प्लाट खरीदा था। तब बिल्डर ने उसे बताया कि कालोनी रेरा से पास है। नदी के पास मुख्य सड़क से कालोनी का मुख्य रोड है। महिला के मुताबिक बिल्डर उसे पक्की सड़क,नाली व पार्क की बात भी कही थी, लेकिन जब उन्होंने मकान बना लिया तो पता चला कि बिल्डर और साथियों ने उनसे झूठ बोला था। कालोनी अवैध है, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने उसका चालान काट दिया है। इसके बाद भी कालोनी में निर्माण कार्य चल रहे है। बिल्डर पर मुख्य रोड भी बंद करने का आरोप है। इसकी शिकायत उसके पति सुरेश बाला ने जिला प्रशासन, सीएम हैल्प लाइन से भी की थी। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ कोर्ट भी वाद दायर किया है। महिला के मुताबिक शिकायत से भड़का बिल्डर अपने साथी पिछले दिनों उसके घर आ धमके,उस समय उसका पुत्र सुमित और वह घर पर थे। आरोप है कि बिल्डर और उसके साथियों ने आते ही उससे प्लाट खाली करने की बात कही। इसका विरोध किया तो बिल्डर और उसके साथियों ने सुमित पर हमला कर दिया, विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट व अश्लील हरकतें की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे गए हैं। सुमित के सिर व अन्य जगहों पर गंभीर चोट है। बताई जा रही है। घायल सुमित की मां की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने पुलिस पर बिल्डर के दबाव में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। इधर बिल्डर से जानकारी के लिए मोबाइल पर संपर्क किया तो बात नहीं हो सकी।

### अल्मोड़ा में छह सड़कों पर आवाजाही ठप

**अल्मोड़ा।** जिले में बारिश के बाद बंद सड़कें लोगों की दिक्कत बढ़ा रही हैं। मलबा और बोल्डर गिरने से छह सड़कों पर आवाजाही ठप होने से 30 से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। वाहनों की आवाजाही ठप होने से गांवों में राशन सहित अन्य दैनिक जरूरत के सामान की आपूर्ति चरमरा गई है। ऐसे में 13 हजार से अधिक की आबादी परेशान है।

जिले में बारिश के बाद रानीखेत-रामनगर-खैरना हाईवे पर पुल बहने से बीते 20 दिन से आवाजाही ठप है।

# एनईपी 2020: सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम संपन्न

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुरूप एनईपी 2020 के लागू होने के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सप्ताह भर आयोजित किये गए कार्यक्रमों का आज समापन हो गया। समापन समारोह में शिक्षा में सामूहिक भागीदारी को लेकर आज चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान विकास व पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म व सामाजिक कार्यों को समर्पित महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने स्कूल में आकर अपनी प्रतिभागिता की। सिंथिया स्कूल की ओर से सभी को सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए गए व्यक्तियों में श्यामसुंदर बेलवाल, अनुज भट्ट, मुकेश बिष्ट, सलीम सैफी, मीरा जोशी, ऋचा अधिकारी,बी सी पंत,एच सी भट्ट, पी एस पटवाल, ललित प्रसाद,बिशम्बर कांडपाल, के एन मठपाल,उमेश बिनवाल, एन. एस किरौला, भगवान सिंह बोरा, पी. सी. पन्त, आर डी पाण्डे, संदीप बिनवाल, हेम चन्द्र अवस्थी, संतोष जोशी, कुलदीप पाण्डे, नीरज रावत आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकेडमिक कॉर्डिनेटर बी बी जोशी ने किया। इस दौरान महेश जोशी,इंदु भारद्वाज, मोहन जोशी,भुवन मेलकानी, त्रिभुवन जोशी, के सी पंत, सुनीता पांडेय, पुष्कर सिंह, कात्यायन रौतेला, नेहा बिष्ट, मनीषा जोशी, पुष्पा उप्रेती, शिवानी सिंह,आई डी जोशी, नंद किशोर आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# लोगों को हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय बताए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में रविवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न इकाइयों में हेपेटाइटिस के लक्षण और कारण के विषय में लोगों को बताया गया साथ ही हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय भी जन सामान्य को बताए गए।

जनपद नैनीताल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्रों समेत समस्त चिकित्सा इकाइयों में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर हेपेटाइटिस के लक्षण पीलिया, भूख कम लगना,पेट दर्द होना, उल्टी होना, थकान व वजन



घटना आदि लक्षणों के विषय में जानकारी दी गई। नैनीताल में कार्यक्रम के दौरान एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मेहरा ने बताया कि हेपेटाइटिस असुरक्षित सुई के इस्तेमाल से तथा दूषित जल तथा भोजन के इस्तेमाल से, असुरक्षित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध के कारण भी होता है। इस अवसर पर नैनीताल नगर में प्रयोगांक संस्था द्वारा उमेश कांडपाल के निर्देशन में हेपेटाइटिस से बचाव के संबंध में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी की गई। नाटक में उमेश कांडपाल समेत मुकेश धस्माना, अमन कुमार, काव्यांश, प्रियांशु बिष्ट, पंकज कुमार तथा आदित्य आदि ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जन सामान्य को यह भी बताया गया कि अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी चिकित्सालय में जाकर पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।